# सीतामढ़ी में आयुष चिकित्सकों का एईएस/जेई विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित




**सीतामढ़ी, बिहार (कुणाल किशोर) :** जिला स्वास्थ्य समिति, सीतामढ़ी के सभागार में जिले के सभी आयुष चिकित्सकों के लिए एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (AES) एवं जापानी इंसेफेलाइटिस (JE) विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार ने की।

प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने एईएस/जेई के कारण, लक्षण, रोकथाम, समय पर पहचान एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही ''गोल्डन ऑवर'' की महत्ता पर जोर देते हुए बताया गया कि समय पर इलाज से मृत्यु एवं गंभीर जटिलताओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

अधिकारियों ने चिकित्सकों को संदिग्ध मामलों की तत्काल पहचान, रेफरल एवं रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में टीकाकरण, मच्छर नियंत्रण, सामुदायिक जागरूकता एवं निगरानी व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक, वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों की क्षमता को मजबूत करना और एईएस/जेई नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी बनाना रहा।

# गंगा दशहरा पर जल संरक्षण का संदेश, खेमसागर तालाब का होगा जीर्णोद्धार



**म ऊगंज/एमपी(आलोक तिवारी) :** राजेन्द्र शुक्ल ने गंगा दशहरा के अवसर पर रीवा जिले के ग्राम लोही स्थित खेमसागर तालाब में आयोजित जल संरक्षण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने जल संरक्षण अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी बचाना जरूरी है। इस दौरान खेमसागर तालाब के जीर्णोद्धार एवं सुंदर घाट निर्माण की घोषणा की गई।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के लिए तालाबों, नदियों और पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जल पूजन, गंगा कलश यात्रा तथा जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# इटावा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, वाहन चेकिंग अभियान में ८० से अधिक चालान



**इटावा, (वि.स.प्रतिनिधी) :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार के निर्देशन में थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान बस अड्डा चौराहा, जमुनाबाग -२ एवं सराय भूपत कट क्षेत्र में लगभग २६० वाहनों की जांच की गई। इस दौरान फर्जी/फाल्टी नंबर प्लेट वाले ५० ट्रक और २५ दोपहिया वाहनों के चालान किए गए। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वाले ९ डम्पर चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

अभियान में लगभग ३,७०,००० रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।



# सीतामढ़ी एसपी कार्यालय में जन शिकायत सुनवाई, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**सीतामढ़ी, (कुणाल किशोर) :** बिहार पुलिस के तहत जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नियमित जन शिकायत सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी ने आम लोगों की शिकायतें सुनीं।

सुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। एसपी ने संबंधित मामलों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की शिकायतों का शीघ्र समाधान पुलिस की प्राथमिकता है तथा प्रत्येक कार्य दिवस पर जन शिकायत सुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है।

## अपोलो हॉस्पिटल और पुणे पुलिस के संयुक्त प्रयास से एवं प्रशिक्षण आयोजित

**पुणे :** स्वारगेट, पुणे एवं आयुक्तालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित और प्रशिक्षण कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण प्रतिसाद मिला। शिवाजीनगर स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब ५०० पुलिस कर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने के लिए आवश्यक एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में अपोलो हॉस्पिटल्स, स्वारगेट, पुणे के एचओडी इमरजेंसी मेडिसिन एवं एक्यूट केयर डॉ. सुजय पाटील ने विश्व इमरजेंसी मेडिसिन दिवस के अवसर पर पुलिस कर्मियों को मार्गदर्शन दिया। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लाइव डेमो के माध्यम से तकनीक की जानकारी दी तथा आपातकालीन स्थिति में तत्काल प्राथमिक उपचार के महत्व को समझाया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पुलिस कर्मियों को जीवन रक्षक प्रशिक्षण प्रदान करना था।

# वीवीआईपी आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट, मण्डी समिति में हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**औरैया यूपी:** औरैया जनपद में प्रस्तावित वीवीआईपी आगमन के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया। के पुलिस अधीक्षक औरैया एवं अपर जिलाधिकारी औरैया द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मण्डी समिति पहुंचकर हेलीपैड स्थल तथा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही मौजूद अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि वीवीआईपी कार्यक्रम को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक औरैया, उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम ने दिए सख्त निर्देश




**इटावा, यूपी (शिवराज राजपूत) :** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में ओवर स्पीडिंग, स्टंटबाजी, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों तथा अवैध बस स्टैंडों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

डीएम ने दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाने, स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच कराने, बंद स्ट्रीट लाइटें ठीक कराने तथा आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही टोल प्लाजाओं पर सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश प्रसारित करने और शहर में बसों के संचालन को व्यवस्थित करने पर जोर दिया।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।